7401-01 | **Total Pages : 8**

Degree (Part-I) Examination, 2022

(Vocational - Composition)

HINDI

[Paper : First]

[PPU-D-I-(V)-(COMP)-HIN(100M)]

Time : Three Hours] **[Maximum Marks : 100**

निर्देश : परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं। निर्देशानुसार सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

[15×2=30]

(क) कबीरदास, रहीम, बिहारीलाल में से किसी एक कवि का काव्यात्मक परिचय दीजिए।

(ख) सूरदास की भक्तिभावना की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

PPULearn.com

(ग) रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं में राष्ट्रीय भावना का परिचय दीजिए।

2. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - [10×3=30]

(क) कनक कनक से सौ गुनी, मादकता अधिकाय
या खाये बौरात नर, वा पाये बौ राय।।

(ख) ऊधौ, मोहि ब्रज बिसरत नाहीं।
बृन्दावन गोकुल तन आवत, सघन तृनन की छाहीं।
प्रात समय माता जसुमति अरु नन्द देखि सुख पावत।
माखन रोटी दह्यो सजायौ अति हित साथ खवावत।।

(ग) यह बिनती रघुवीर गुसांईं
और आस विश्वास भरोसो, हरो जीव जड़ताई।

(घ) कहलाने एकत बसत, अहि, मयूर, मृग, बाघ।
जगतु तपोवन सौं कियो। दीरघ दाघ निदाघ।।

(ङ) बड़ सुख सार पाओल तुअ तीरे।
छोड़इत निकट नयन बह नीरे।।

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए - [15×1=15]

(क) हृदय रोग : आम समस्या

(ख) सुभाष चन्द्र बोस

(ग) चुनाव आयोग की चुनाव में भूमिका एवं अधिकार

(घ) छात्र और बेरोजगारी

(ङ) साहित्यिक पत्रिका का महत्त्व

(च) राष्ट्र की मूल समस्या (वर्तमान परिप्रेक्ष्य में)

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए- [3×5=15]

(क) निम्न वाक्यों को शुद्ध कीजिए।

(i) वहाँ गयें थे।

(ii) दूध फट ~~गयी~~। गया।

(iii) मेरा भैया बाजार गये है।

(iv) वह बोलता था सदा झूठ।

वह सदा झूठ बोलता था।

(v) मुझे प्याला चाय गरम दो।

(ख) निम्नलिखित मुहावरे एवं लोकोक्तियों में से पाँच का अर्थ लिखिए :-

अंग टूटना, अंधे की लकड़ी, अन्न जल उठना, अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना, सिर पीटना, सिर फिर जाना, गर्दन उठाना, अंधों में काना राजा, अधजल गगरी छलकत जाय, आगे नाथ न पीछे पगहा।

(ग) निम्नलिखित शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए -

अल्पज्ञ, अवनत, अथ, अवनि, उपकार, उत्साह, उत्तम, एकता, उत्थान, उदयाचल, क्रय, क्रूर, कोप

(घ) सर्वनाम की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए।

(ङ) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए-

जल, विष्णु, यमुना, धरती, इन्द्र, पवन।

5. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए - [10×1=10]

(क) 'कवितावली' के रचयिता कौन हैं?

(ख) 'सद्गति' कहानी के लेखक कौन हैं?

PPULearn.com

(ग) रामवृक्ष बेनीपुरी की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(घ) 'कर्मभूमि' के लेखक का नाम बताइए।

(ङ) 'जयद्रथ वध' किनकी रचना है?

(च) 'कुरुक्षेत्र' के रचनाकार कौन हैं?

(छ) सूरदास किस काल के कवि थे?

(ज) सूरदास के आराध्य कौन थे?

(झ) कृष्ण किस कवयित्री के सर्वस्व थे?

(ञ) 'सबिया' के रचनाकार का नाम लिखिए।

-----XX-----